# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 18.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस महीने के अंत तक या नवम्बर के पहले सप्ताह में नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए और अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी में मंथन जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के पैंशनरों को पहली अप्रैल से 15 अक्तूबर तक के लंबित डी.ए. का भुगतान दीपावली से पहले कर दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य परिवहन निगम के पैंशनरों के लिए भी 10 करोड़ रूपए की अतिरिक्त राशि जारी कर दी गई है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को घर निर्माण के लिए 7 लाख रूपए और आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए 70 हज़ार रूपए की सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि ये त्योहार हर घर में खुशियां, उमंग और समृद्धि लेकर आएगा।

**जीएसटी–पीसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि नए जी.एस.टी. सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहारी सीज़न के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। वे आज नई दिल्ली में सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ जी.एस.टी. बचत उत्सव पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि जी.एस.टी. दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुँच रहा है। इस अवसर पर सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले नवरात्रि त्योहार की तुलना में इस वर्ष नवरात्रि सीज़न में इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि नए जी.एस.टी. सुधारों से इस वर्ष खपत में 10 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान है और 20 लाख करोड़ रूपए की अतिरिक्त खपत होगी।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों व पैंशनरों के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है और लंबित एरियर, पैंशन, लीव एनकैशमेंट और अन्य वित्तीय देनदारियों के निपटारे के लिए धनराशि जारी कर दी गई है। ऊना में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु के 6 सौ 47 पैंशनरों को 23 करोड़ रूपए का एरियर जारी किया गया है।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की साक्षरता दर 99 दशमलव तीन शून्य फीसदी हो गई है जो अन्य पड़ोसी राज्यों से कहीं अधिक है। उन्होंने आज रोहडू में राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्रोफैसर के 5 सौ 87 पद जबकि कॉलेज कैडर के एक सौ 18 प्राचार्यों के पद सीधी भर्ती व पदोन्नति द्वारा भरे गए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक प्रोफैसर के लगभग 5 सौ पद जल्द भरे जाएंगे।

## जीएसटी लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। कुल्लू निवासी गिरीश वर्मा ने बताया कि जी.एस.टी. सुधारों के बाद कृषि बागवानी क्षेत्र में बड़ी राहत मिली है।

***कुल्लू जिला के दुआड़ा गांव निवासी गिरीश वर्मा ने बताया कि हम किसानों और बागवानों को केंद्र सरकार की तरफ से मिली एक बड़ी राहत मिली है। पहले जब हम कृषि और बागवानी में इस्तेमाल होने वाली दवाइयाँ, स्प्रिंकलर सिस्टम, और सूक्ष्म तत्व और स्पेयर पाट्स खरीदते थे, तो हमें इन पर 12 व् 18 प्रतिशत कर प्रतिशत जीएसटी देना पड़ता था। लेकिन अब सरकार ने बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। उत्पादों पर जीएसटी घटाकर केवल 5 प्रतिशत कर दिया गया है। अब हमें 7 से 13 प्रतिशत तक की सीधी राहत मिली है।***

## धनतेरस उत्सव

देशभर में आज धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। इस पर्व के साथ ही दीपावली के उत्सवों की शुरुआत हो जाती है, जिसमें नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज शामिल हैं। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस शुभ दिन पर, लोग भगवान धन्वंतरि, भगवान कुबेर व देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और इसके साथ ही सोने व चांदी की वस्तुएं और नए बर्तन खरीदना भी शुभ मानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धनतेरस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस मौके पर सभी की खुशी, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

**नमस्कार**